1

Class-2

भाषा
(Language)

भाषा शब्द 'भाष्' से बना है, जिसका अर्थ है–बोलना। मन के भावों तथा विचारों का आदान-प्रदान करना ही **भाषा** है।

तात्पर्य यह है कि भाषा के द्वारा ही हम अपने विचार दूसरों के सामने प्रकट करते हैं; जैसे–



आपने देखा कि पहले चित्र में एक छोटा बच्चा अपने दादा जी से कुछ कह रहा है और दादा जी उसकी बात सुनकर तथा समझकर उत्तर दे रहे हैं। दूसरे चित्र में अध्यापिका श्यामपट्ट पर लिखकर बच्चों को कुछ समझा रही है। यही भाषा है।

भाषा के रूप

भाषा के तीन रूप हैं–



Class-2

1. **मौखिक भाषा–** जब हम मुख से बोलकर अपने भावों को प्रकट करते हैं तथा सुनकर उसे समझते हैं, वह भाषा का **मौखिक रूप** कहलाता है।



2. **लिखित भाषा–** जब हम अपने विचारों को लिखकर प्रकट करते हैं तथा पढ़कर समझते हैं, वह भाषा का **लिखित रूप** कहलाता है।



3. **सांकेतिक भाषा–** जब हम अपने विचारों को इशारों के माध्यम से व्यक्त करते हैं, वह भाषा का **सांकेतिक रूप** कहलाता है।

Scanned with CamScanner

Class-2

आइए दोहराएँ (Let's Recall)

- मन के भावों तथा विचारों का आदान-प्रदान करना ही भाषा कहलाता है।
- भाषा शब्द 'भाष्' से बना है, जिसका अर्थ है—बोलना।
- भाषा के तीन रूप हैं - मौखिक, लिखित तथा सांकेतिक।

रचनात्मक मूल्यांकन (Formative Evaluation)

सोचो और बताओ—

(क) जब आप अपने मित्र से फोन पर बात करते हैं तो वह भाषा का कौन-सा रूप होता है?

(ख) विद्यालय की वार्षिक पत्रिका भाषा का कौन-सा रूप है?

संकलित मूल्यांकन (Summative Evaluation)

1. चित्र पहचानकर भाषा के रूप लिखो—



....

....

....

Scanned with CamScanner

Class -2

2. सही मिलान करो–



लिखित भाषा



मौखिक भाषा



सांकेतिक भाषा

3. सही शब्द पर सही (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) निबंध लिखना भाषा का लिखित/मौखिक रूप है।

(ख) समाचार सुनना भाषा का सांकेतिक/मौखिक रूप है।

(ग) भूख लगने पर छोटे बच्चे का रोना भाषा का लिखित/सांकेतिक रूप है।

(घ) समाचार पत्र पढ़ना भाषा का सांकेतिक/लिखित रूप है।

(ङ) विद्यालय में प्रार्थना सभा में प्रार्थना गाना भाषा का मौखिक/लिखित रूप है।

Scanned with CamScanner

M.K.D. PUBLIC SCHOOL

Sarai Rai Chanda, Mungra Badshahpur, Jaunpur,

Session – 2020-21

Class-2nd

विषय – हिन्दी व्याकरण एवं रचना

पाठ – 1 'भाषा'

नोट– दिये गए पाठ को ध्यान से पढ़िए तथा नीचे दिए गए प्रशनों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

प्रश्न–1. **भाषा शब्द किससे बना है?**

प्रश्न–2. **भाष् का अर्थ क्या होता है?**

प्रश्न–3. **भाषा किसे कहते हैं?**

प्रश्न–4. **भाषा के कितने रुप है?**

प्रश्न–5. **भाषा के तीनों रुपों के नाम लिखिए?**

1........................... 2......................... 3.........................

प्रश्न–6. **मिलान करिये–**

लिखित भाषा	भाषण
मौखिक भाषा	ट्रैफिक पुलिस का संकेत
सांकेतिक भाषा	पत्र लिखना

प्रश्न–7. **रिक्त स्थान में सही भाषा का विकल्प भरिये।**

(i) जब हम मुख से बोलकर अपने भावों को प्रकट करते हैं तथा सुनकर समझते हैं तो बह भाषा का .... कहलाता है।

(ii) जब हम अपने विचारों को लिखकर प्रकट करते हैं तथा पढकर समझते हैं वह भाषा का .... रुप हैं।

(iii) जब हम विचारों को इशारे के माध्यम से व्यक्त करते हैं वह भाषा का .... कहलाता है।

M.K.D. PUBLIC SCHOOL